# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ग्वालियर म0प्र0

## //निविदा आमंत्रण सूचना//

जिला एवं सत्र न्यायालय ग्वालियर हेतु साफ–सफाई सामग्री के क्रय बावत सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक व्यापारी/विक्रेता/निर्माता अपनी निविदायें सीलबंद कर पूर्ण जानकारी सहित जिला एवं सत्र न्यायालय ग्वालियर में दिनांक 03.07.2021 को दोपहर 2.00 बजे तक आवक–जावक शाखा में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 10.07.2021 को दोपहर 2.00 बजे निविदा समिति के समक्ष निविदाकर्ता/प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। निविदायें जिला एवं सत्र न्यायाधीश ग्वालियर के नाम से प्रस्तुत की जावेगी। निविदा की शर्तें एवं सामग्री की सम्पूर्ण जानकारी म0प्र0 उच्च न्यायालय की बेवसाईट **www.mphc.gov.in** एवं जिला न्यायालय ग्वालियर की बेवसाईट **www.districts.ecourts.gov.in/gwalior** पर भी उपलब्ध है, जहां से निविदा प्रारूप एवं शर्तें डाउनलोड की जा सकती हैं।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
ग्वालियर

# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ग्वालियर म0प्र0

## :: निविदा शर्तें ::

1— सील बंद निविदायें जिला न्यायाधीश, ग्वालियर के नाम से दिनांक 03.07.2021 को दोपहर 2.00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिये। उक्त निविदा दिनांक 10.07.2021 को दोपहर 2.00 बजे निविदाकर्ताओं के समक्ष जिला न्यायालय में गठित निविदा समिति द्वारा खोली जावेगी।

2— जिस सामग्री के संबंध में निविदा प्रस्तुत की जा रही है, उसका नाम निविदा फार्म पर स्पष्ट लिखा जावे।

3— नियत दिनांक एवं समय के पश्चात निविदा प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जायेगा।

4— आदेशानुसार सामग्री न्यायालय तक पहुंचाये जाने का समस्त दायित्व निविदाकार का होगा।

5— जिला न्यायाधीश ग्वालियर को यह अधिकार होगा कि, निविदा खोलते समय यदि किसी सामग्री की दर अन्य निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत दरों से अपेक्षाकृत कम है तो ऐसी स्थिति में दरों के आधार पर एक से अधिक निविदाकर्ताओं से प्रथक–प्रथक अनुबंध किया जा सकता है एवं बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को निरस्त कर सकते हैं।

6— निविदा में प्रत्येक सामग्री किस कंपनी द्वारा निर्मित है, सामग्री का साईज नाप, तौल आदि निविदा में अंकित करना अनिवार्य है।

7— निविदा एवं निविदा के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों में निविदाकर्ता के हस्ताक्षर व सील होना आवश्यक है।

8— निविदाकार द्वारा दी गई सूची की सामग्री आवश्यकतानुसार स्वीकृत दर एवं मात्रा पर प्रदाय करने हेतु निर्धारित तिथि तक बाध्य होगा।

9— प्रदाय की गई कोई भी सामग्री चाही गई कंपनी की ना होने पर अथवा उससे निम्न स्तर की होने की दशा में ऐसी सभी सामग्री निविदाकार को अपने व्यय पर वापस उठाना होगा तथा कंपनी के अनुसार सामग्री अतिशीघ्र प्रदाय करनी होगी।

10— निविदा से संबंधित शर्ते एवं प्रदाय किये जाने वाले सामान की सूची उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर की बेवसाईट **www.mphc.gov.in** एवं जिला न्यायालय ग्वालियर की बेवसाईट **www.districts.ecourts.gov.in/gwalior** से डाउनलोड की जाकर रूपये 500/– रूपये नगद/डीडी नजारत अनुभाग, जिला न्यायालय ग्वालियर में जमा कर प्राप्त रसीद की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न कर दिनांक 03.07.2021 को दोपहर 2.00 बजे तक आवक–जावक शाखा में जमा की जावेगीं। डीडी जिला एवं सत्र न्यायाधीश ग्वालियर के नाम से देय होगा।

11— सामग्री का आदेश प्राप्त होने पर सामग्री निर्धारित अवधि में प्रदाय करनी होगी।

12— निविदा की दरें अनुबंध दिनांक से 31.03.2022 तक मान्य होगी एवं अनुबंध आपसी समझौते पर और विक्रेता के संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन अनुमोदित दरों पर आगामी एक और वर्ष के लिये बढ़ाया जा सकता है।

13— निविदाकार, वाणिज्यकर/जीएसटी पंजीयन होने का जीवित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें तथा साथ ही फर्म ने आयकर अदा किया है उस पर कोई कर बकाया नहीं है, स्पष्ट करें।

14— साफ–सफाई सामग्री की सूची के अनुसार जिन सामग्रियों के निर्माता कम्पनियों के नाम अंकित हैं, केवल उन्हीं कंपनियों के सामग्री की दर देवें। अन्यथा मान्य नहीं होगी।

15– निविदाकारों को सुरक्षा निधि के रूप में 10000/– रूपये की ईएमडी/एफडीआर के रूप में निविदा के साथ जमा करनी होगी, जो कि 31 मार्च 2022 तक वैद्य हो। एफडीआर के अतिरिक्त कोई भी ईएमडी जमा करने पर निविदाकारों की निविदा निरस्त की जा सकती है। असफल निविदाकर्ता की ईएमडी/एफडीआर वापिस कर दी जावेगी।

16– सभी साफ–सफाई सामग्री के ब्रान्डेड/नान ब्रान्डेड के नमूने निविदा खोली जाते समय निविदा समिति द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा।

17– किसी भी शर्त के भंग होने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ग्वालियर को अनुबंध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा सुरक्षा निधि राजसात कर ली जायेगी।

18– शासन द्वारा लागू जीएसटी की दरें अधिक या कम होने पर विचारणीय होगा।

19– सम्पूर्ण सामग्री की दरें समस्त करों सहित दी जाये।

20– वित्तीय/तकनीकी लिफाफे – निविदाकर्ता प्रथक–प्रथक वित्तीय, तकनीकी एवं ई.एम.डी. की राशि वाले लिफाफे तैयार कर उन पर वित्तीय, तकनीकी विड, ई.एम.डी. लेख करते हुए उक्त तीनों लिफाफों को चौथे लिफाफे में मुहरबंद कर निविदा प्रस्तुत की जाएगी।

21– निविदाओं द्वारा सामग्री की जो भी दरें दी गई हैं, वह एक वर्ष के लिये यथावत रहेगी निविदाकारों द्वारा किसी भी वस्तु की दर बढ़ाने हेतु किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

22– सफल निविदा होने पर निविदाकर्ता से अनुबंध दिनांक से 31.03.2022 तक अनुबंध किया जायेगा, जोकि 500/– रूपये के नॉनज्यूडिसियल स्टाम्प पर संपादित किया जायेगा। अनुबंध की शर्ते प्रथक से स्वीकार होगीं।

Sd

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
ग्वालियर

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम एवं पता :–

वित्तीय बिड

# परिशिष्ट–ए

## साफ–सफाई सामग्री

| क. | सामग्री का नाम विवरण सहित | 01 वर्ष में क्रय की जाने वाली संभावित सामग्री | निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली प्रति नग दर जीएसटी रहित | निविदाकर्ताद्वारा प्रस्तुत की जाने वाली प्रति नग दर जीएसटी सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फिनाइल डॉलफिन | 2000 लीटर | | |
| 2 | तेजाब | 1500 लीटर | | |
| 3 | हार्पिक बड़ी ब्लू | 430 नग | | |
| 4 | हार्पिक बड़ी रेड | 430 नग | | |
| 5 | फिनायल गोली | 600 पैकेट | | |
| 6 | फिनायल कलर गोली | 150 पैकेट | | |
| 7 | लायजोल | 450 नग | | |
| 8 | झाड़ू फूल सबेरो कंपनी | 720 नग | | |
| 9 | सींक झाड़ू | 720 नग | | |
| 10 | बांस झाड़ू | 170 नग | | |
| 11 | पोंछा कपड़े 24X24 इंच | 170 नग | | |
| 12 | पोंछा डण्डे (24 इंच) | 220 नग | | |
| 13 | वायपर | 720 नग | | |
| 14 | सर्फ निरमा 1 कि.ग्रा. | 280 नग | | |
| 15 | रिन साबुन छोटे | 430 नग | | |
| 16 | रिन साबुन बड़े | 430 नग | | |
| 17 | ऑल आउट | 1000 रिफिल | | |
| 18 | ओडोनिल | 580 नग | | |
| 19 | डिटॉल हैण्डवॉश छोटे | 280 नग | | |
| 20 | डिटॉल हैण्डवॉश 250 एमएल | 580 नग | | |
| 21 | डिटॉल हेण्डवॉस 750 एमएल पाउच | 300 नग | | |
| 22 | लाईफवॉय हेण्डवॉस 250 एमएल | 100 नग | | |
| 23 | लाईफवॉय हेण्डवॉस 750 एमएल पाउच | 400 नग | | |
| 24 | कोलिन | 290 नग | | |
| 25 | लाईफवॉय साबुन छोटे | 290 नग | | |
| 26 | लाईफवॉय साबुन बड़े | 290 नग | | |
| 27 | डिटॉल साबुन छोटे | 290 नग | | |
| 28 | डिटॉल साबुन बड़े | 290 नग | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | सेनेटाईजर 5 लीटर केन में | 4000 लीटर | | |
| 30 | बड़ी डस्टबिन हेतु काली पन्नी | 200 पैकेट | | |
| 31 | डयूरो सेल बड़े | 100 नग | | |
| 32 | डयूरो सेल छोटे | 100 नग | | |
| 33 | लाल हिट | 200 नग | | |
| 34 | काला हिट | 300 नग | | |
| 35 | रूम स्प्रे | 150 नग | | |

**<u>टीप</u>** :–

1. उपरोक्त तालिका में दर्शित क्रय की जाने वाली साफ–सफाई सामग्री की संख्या संभावित है, जिसमें आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।
2. उपरोक्त तालिका में जिन साफ–सफाई सामग्री की कंपनी का नाम दर्शित है, उन्हीं कंपनी की सामग्री की दर निविदाकर्ता प्रस्तुत करे एवं जिन लेखन सामग्री की कंपनी का नाम दर्शित नहीं है, उनमें निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय की जाने वाली सामग्री की कंपनी का नाम दर्शित किया जावे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
ग्वालियर

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम एवं पता :–

## परिशिष्ट–बी
## तकनीकी विड में प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेज

| कमांक | दस्तावेजों का विवरण | रिमार्क |
|---|---|---|
| 1 | वित्तीय, तकनीकी विड एवं ई.एम.डी. के अलग–अलग लिफाफे | |
| 2 | ई.एम.डी./एफडीआर राशि 10000/– | |
| 3 | पेन नंबर | |
| 4 | आयकर विवरणी | |
| 5 | जीएसटी रजिस्ट्रेशन | |
| 6 | नगद जमा की रसीद/डीडी राशि 500/– | |

District & Session Judge
Gwalior (M.P.)